Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 24-11-2006
Participants : Mollah Shri Hannan,Mohite Shri Subodh,Handique Shri Bijoy Krishna

an>

Title : Regarding Khairlangi carnage in Maharashtra.

श्री सुबोध मोहिते (रामटेक) : महोदया, मैं महाराट्र का एक संगीन मामला आपके सामने उठाना चाहता हूं, जिसकी आग छोटे से गांव से निकल कर पूरे राज्य में लग चुकी है और वहां की आग दिल्ली में भी आ चुकी है। विदर्भ में खैरलांगी नाम का एक गांव है, जिसमें चार दलितों की हत्या हुई है और उस हत्या का जहर उस गांव से लेकर शहर तक, शहर से लेकर जिले तक और जिले से लेकर पूरे राज्य में फैल चुका है। हत्या तो चार लोगों की हुई है।

सभापति महोदया: श्री शिशुपाल ने भी आपसे संबंधित मामला उठाया है। आपका नाम इस विाय से संबद्ध कर दिया जाता है।

श्री सुबोध मोहिते : महोदया, मैं कहना चाहता हूं कि वह आग आज दिल्ली तक आ पहुंची है। यह बात जिम्मेदारी से इसलिए कहना चाहता हूं कि यह आग दिल्ली तक पहुंची है क्योंकि मैंने सुना है कि कांग्रेस पार्टी के कुछ लोग उस गांव में जा रहे हैं। इससे आप समझ सकते हैं कि इस मामले की गंभीरता क्या है। महाराट्र एक जमाने में अच्छी कानून व्यवस्था के लिए जाना जाता था, लेकिन आज महाराट्र का नाम इसलिए जाना जा रहा है, क्योंकि अब वहां कानून व्यवस्था बिलकुल नहीं है। [MSOffice63] सिर्फ खैरलांजी गांव के इन्सान नहीं हैं। पूरे महाराट्र के जो आम आदमी हैं उनके मन में एक ही डर है कि अगर खैरलांजी की आग उनके गांव में पहुंच गई तो शायद उस आग में वे भी जल कर खाक हो जाएंगे। मुख्यमंत्री जी ने यह कबूल किया है कि वे इस मामले में कुछ नहीं कर सकते। यह मुख्यमंत्री जी का ऑफिशियल स्टेटमैंट है। मुख्यमत्री जी ने कहा कि मैं मानता हूं कि सरकार लेट हो गई है। मुख्यमंत्री जी ने यह भी कहा है कि वहां का प्रशासन फेल हो चुका है और महाराट्र सरकार का पुलिस तंत्र इस पर काबू पाने में असमर्थ रहा। मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि इसकी सीबीआई से जांच करवाई जाए। .यह मेरा स्टेटमैंट नहीं है। आप समझ सकते हैं कि जब एक मुख्यमंत्री यह कहता है कि वह पूरी तरह से फेल हो चुका है और संविधान में लिखा है कि अगर किसी राज्य की कानून-व्यवस्था पूरी तरह से खराब हो जाती है तो लॉ एंड ऑर्डर देखना केन्द्र का भी विाय है। एक तरफ मुख्यमंत्री कहते हैं कि मेरे हाथ से बाहर बात चली गई है और दूसरी तरफ वहां के डिप्टी चीफ मिनिस्टर जो दूसरी पार्टी के हैं, वह कहते हैं कि इस हत्या के पीछे टैरारिस्ट्स का हाथ है। यह एक हंसी की बात है। वहां का होम मिनिस्टर जो डिप्टी चीफ मिनिस्टर हैं, लोग उनके पुतले जला रहे हैं। यह बात अलग है। यहां मंत्री जी बैठे हैं। मैं गुजारिश करना चाहता हूं कि दलित के गांव से जो अंगार निकली है, अगर इस अंगार को रोका नहीं गया तो वह उस राज्य् को भस्म कर ही देगी, पूरे देश को भी इस अंगार की लपेट में ले आएगी। मैं इस तरफ केवल होम मिनिस्टर का ध्यान आकर्ति नहीं करना चाहता हूं। मैं प्रधान मंत्री जी का भी इस तरफ ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं। इस एपिसोड़ को जो राजनीतिक रंग दिया जा रहा है, दलित और बहुजन समाज के बीच जो दरार पैदा की जा रही है, अगर उसे रोका नहीं गया तो स्थिति गम्भीर हो जाएगी। ऐसी जब भी कोई घटना हो तो प्रधान मंत्री का कर्तव्य है कि वह राज्यपाल से रिपोर्ट मंगाए। क्या वहां की कानून-व्यवस्था सही है? आप वहां की एजेंसी से रिपोर्ट मंगाइए। यह मेरी कोई राजनीतिक मांग नहीं है। मेरी मांग है कि इसके बारे में यहां एक स्टेटमैंट दी जाए और उस रिपोर्ट के बेस पर महाराट्र में राट्रपति शासन लागू किया जाए।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI B.K. HANDIQUE): Madam, it is a State matter and it does not look nice to criticize the State Government and demand the President's Rule. If there is anything beyond that, I will definitely draw the attention of the hon. Home Minister to that.

यह केन्द्र और राज्य दोनों का मैटर है।**सभापति महोदया**

श्री सुबोध मोहिते यह हमारा कॉन्स्टीट्यूशनल राइट है।

सभापति महोदयाः मोहिते जी आपने सारी बात बता दी है। आपके दो मैटर नहीं हैं। एक ही मैटर है।

श्री सुबोध मोहिते खैरलांजी की घटना के बाद पीड़ित लोगों को मुआवजा दिया गया, नौकरी दी गई जो बहुत अच्छी बात है। हमें कोई ऑबजैक्शन नहीं है लेकिन इसी प्रकार की घटना पास के गांव में बहुजन समाज की एक लेडी और छोटी बच्ची के साथ हुई जिन का रेप करके खून किया गया ...(व्यवधान)

सभापति महोदयाः यह बात उसके साथ हो गई है। आपने दलितों पर अत्याचार होने की बात कही है।

श्री सुबोध मोहिते मेरी गुजारिश है कि आप इस मामले को नेशनल इशू समझें। जैसा आपने कहा कि यह केवल राज्य का ही विाय नहीं है। यह केन्द्र का भी मामला है। वहां राट्रपति शासन लगाने के लिए आज ही प्रधान मंत्री से बात करें और राज्यपाल से रिपोर्ट मंगाएं।

SHRI HANNAN MOLLAH : Madam, one matter has already been raised. So, I associate myself with that.

On 20th November, 2006 there was a bomb blast at Belakobo Station in a passenger train between Jalpaiguri and Siliguri of North Bengal. About seven passengers died and 50 were injured. This is a serious type of terrorist attack in West Bengal.[R64]

It is a new phenomenon that has been noticed and doubts have been expressed that there be links of ULFA in these blasts. Moreover, doubts have also been expressed about the usage of RDX in these blasts.

MADAM CHAIRMAN : Shri Hannan Mollah, you have given notice on two matters but you kindly raise only one matter.